

पाक्षिक

# खबर आस पास

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी    मो. 9587570001    Email : khabaraaspass@gmail.com

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 12 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


# जयपुर-जोधपुर नगर निगम में रिकॉर्ड वोटिंग

## जोधपुर नगर निगम में 71.10% वोटिंग

## जयपुर नगर निगम में 62.88%वोटिंग

## कोटा में थाने में धरने पर बैठीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष; भरतपुर जिले में वोट देने के बाद नाचने लगीं बुजुर्ग

**जयपुर कासं।** राजस्थान निकाय चुनाव में दूसरे चरण में जयपुर सहित 147 निकाय के लिए वोटिंग हुई। शाम 6 बजे तक 6 नगर निगमों में से सबसे ज्यादा जोधपुर नगर निगम में 71.10% वोटिंग हुई। वहीं, जयपुर नगर निगम में भी रिकॉर्ड वोटिंग हुई है। यहां शाम 6 बजे तक 62.88% मतदान हुआ है।

कोटा में मतदान खत्म होने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौतम धरने पर बैठ गईं। पाली जिले की फालना-खुडाला नगरपालिका में मतदान के दौरान वार्ड 8 में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस के सामने ही एक-दूसरे को मुक्के मारे और चांटे जड़ दिए।

सीकर नगर परिषद के वार्ड 15 में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थकों ने भाजपा प्रत्याशी के पति के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा। कांग्रेस प्रत्याशी जीवण खां के भतीजे आरिफ सहित अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप है।

श्रीगंगानगर जिले की सादुलशहर नगरपालिका के बूथ नंबर 5 पर पूर्व नगरपालिका चेयरमैन और निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप खीचड़ के साथ मारपीट हो गई। उन्होंने भाजपा विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के समर्थकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया।

भरतपुर जिले की वैर नगरपालिका के वार्ड 5 में 95 साल की शकुंतला देवी ने वोट डाला। मतदान के बाद शकुंतला देवी खुशी से नाचने लगीं। कोटा नगर निगम के वार्ड 74 में रामपुरा के महात्मा गांधी स्कूल में माया शर्मा ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ मतदान करने आईं। लंग्स इन्फेक्शन के कारण 5 महीने से ऑक्सीजन सिलेंडर लगा है।

**निकाय चुनाव से जुड़ी बड़ी अपडेट्स**

**जयपुर:** वार्ड नंबर 114 के एक बूथ पर सुबह-सुबह हंगामा और विवाद हुआ। यहां एक निर्दलीय प्रत्याशी ने कांग्रेस कैंडिडेट को बूथ के अंदर से बाहर करने की मांग की। वार्ड 26 में मंगलम सिटी गवर्मेंट स्कूल बूथ पर कांग्रेस प्रत्याशी ने हंगामा कर दिया। जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित कई दिग्गजों ने वोट डाला।

**कोटा:** बोरखेड़ा इलाके स्थित स्वराज एन्क्लेव के लोगों ने मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया है। नगर निगम के दूसरे एरिया में सुबह से सभी बूथों पर लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं।

**झुंझुनूं:** जिले की सिंघाना नगर पालिका के वार्ड 25 के बूथ नंबर 25 पर ईवीएम खराब होने के कारण 7 बजे से मतदान शुरू नहीं हो सका। खराबी की सूचना पर अधिकारी और टेक्नीकल टीम मौके पर पहुंची। करीब 50 मिनट बाद वोटिंग शुरू हुई। चिड़ावा में एक बूथ पर महिलाओं की शिकायत पुलिस ने सरकारी कैमरामैन का मेमोरी कार्ड छीन लिया। एक निर्दलीय प्रत्याशी ने हमले का भी आरोप लगाया है।

**अजमेर:** नगर निगम में प्रतिपक्ष नेता रहीं और कांग्रेस से विधानसभा प्रत्याशी द्रोपदी कोली बिना आईडी वोट डालने पहुंची। उन्हें वोट नहीं डालने दिया गया। मामला ऑल सैंट स्कूल धोला भाटा का है। अजमेर में सुबह विधानसभा सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मंत्री अनीता भदेल ने भी मतदान किया।

**जोधपुर:** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पत्नी सुनीता, बेटे वैभव और बहू हिमांशी गहलोत के साथ जोधपुर के महामंदिर के जैन स्कूल में वोट डाला। वहीं, वार्ड नंबर-40 से कांग्रेस-भाजपा के कैंडिडेट एक मतदान केंद्र पर मिले तो दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। फोटो भी क्लिक करवाई।

**दौसा में फर्जी मतदान करने पहुंची महिला को पकड़ा**

दौसा नगर परिषद के वार्ड नंबर 54 में पोलिंग बूथ ढुंढ्ढ केंद्र पर एक महिला फर्जी मतदान करने पहुंची, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। दरअसल, दो महिलाएं एक साथ वोट देने पहुंची तो आईडी कार्ड जांच के दौरान एक उम्मीदवार के एजेंट ने ऑब्जेक्शन किया। इस पर पोलिंग पार्टी ने महिला के पहचान पत्र की बारीकी से जांच की और कई सवाल किए तो वह जवाब नहीं दे सकी। पोलिंग पार्टी ने महिला से उसके पति के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह बेंगलुरु में ट्रक ड्राइवर है, जबकि बीएलओ ने संबंधित व्यक्ति के मृत होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने महिला को मतदान कक्ष से बाहर निकालकर बैठा लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने फर्जी वोटिंग की बात स्वीकार की।

**नगर निगमों में 6 बजे तक वोटिंग**

| नगर निगम | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|
| जयपुर | 62.88% |
| अजमेर | 63.65% |
| जोधपुर | 71.10% |
| पाली | 70.94% |
| कोटा | 64.78% |
| उदयपुर | 67.26% |





### 4 पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया

कोटपूतली-बहरोड़ जिले की बहरोड़ नगर पालिका के वार्ड 55 में चार पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया। इसमें परदादी क्रांति देवी, दादी गीदो देवी, मां ममता यादव और तरुण कुमारी ने भाग संख्या 1 में वोट दिया।

### झुंझुनूं जिले के चिड़ावा के वार्ड 26 में बीजेपी प्रत्याशी के बेटे से मारपीट



झुंझुनूं जिले के चिड़ावा के वार्ड 26 के पोलिंग बूथ पर 2 प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। भाजपा प्रत्याशी असलम के बेटे शेखू के सिर में चोट आई, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। असलम ने आरोप लगाया कि निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों ने बेटे शेखू और अन्य समर्थकों के साथ मारपीट की। हंगामे के बाद मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया है।

# राजस्थान में बाड़ेबंदी की तैयारी शुरू

## बीजेपी फोन करके प्रशिक्षण शिविर की जानकारी दे रही, कांग्रेस में भी हो रहा मंथन

**जयपुर कासं।** राजस्थान में निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही कांग्रेस और बीजेपी ने बाड़ेबंदी की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों को फोन करके प्रशिक्षण शिविर की जानकारी देना शुरू कर दिया है। पार्टी की ओर से प्रत्याशियों को एक स्थान पर एकत्रित होने के लिए कहा जा रहा है। इसके बाद इन्हें अलग-अलग सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की तैयारी है।

कांग्रेस भी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। पार्टी नेताओं ने प्रत्याशियों को लेकर रणनीति पर मंथन शुरू कर दिया है। हालांकि कांग्रेस की ओर से अभी बाड़ेबंदी को लेकर अंतिम निर्णय सामने नहीं आया है।

दरअसल, निकाय चुनाव में मतदान के बाद सबसे बड़ा सवाल अब यह है कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी और कौन सा दल नगर निकाय में अपना बोर्ड बनाने की स्थिति में होगा। कई निकायों में मुकाबला बेहद करीबी रहने की संभावना के चलते एक-एक पार्षद की भूमिका अहम हो सकती है।

ऐसे में राजनीतिक दलों को डर है कि नतीजे आने के बाद उनके निर्वाचित पार्षदों को दूसरे दल अपने पाले में करने की कोशिश कर सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए पार्टियां अपने प्रत्याशियों को नतीजों से पहले ही सुरक्षित ठिकानों पर ले जाने की तैयारी में जुट गई हैं।

**बीजेपी ने प्रत्याशियों को फोन करना शुरू किया, प्रशिक्षण शिविर का दिया नाम**

सूत्रों के अनुसार BJP ने अपने प्रत्याशियों को फोन करके प्रशिक्षण शिविर की जानकारी देना शुरू कर दिया है। सभी पार्षदों को कल दोपहर 12 बजे बीजेपी मुख्यालय बुलाया गया है। जयपुर के साथ-साथ प्रदेश के दूसरे जिलों में भी पार्टी स्तर पर ऐसी रणनीति बनाई जा रही है। उदयपुर सहित कई जिलों में प्रत्याशियों को प्रशिक्षण शिविर के नाम पर एकजुट रखने की तैयारी है। पार्टी की कोशिश साफ है कि मतगणना तक प्रत्याशियों पर पूरी नजर रखी जाए और नतीजे आने के बाद अगर बोर्ड बनाने के लिए किसी तरह की जोड़-तोड़ की जरूरत पड़े तो अपने पार्षदों को टूटने से बचाया जा सके।

**कांग्रेस भी सक्रिय, लेकिन अभी मंथन के दौर में**

ख्र्ख्क की इस कवायद के बीच कांग्रेस भी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। पार्टी नेताओं ने प्रत्याशियों को लेकर रणनीति पर मंथन शुरू कर दिया है। हालांकि कांग्रेस की ओर से अभी बाड़ेबंदी को लेकर अंतिम निर्णय सामने नहीं आया है।

कांग्रेस के सामने भी सबसे बड़ी चुनौती अपने संभावित विजयी प्रत्याशियों को एकजुट रखने की होगी। खासतौर पर उन निकायों में जहां दोनों प्रमुख दलों के बीच सीटों का अंतर बेहद कम रह सकता है, वहां निर्दलीय प्रत्याशी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

निर्दलीयों पर दोनों दलों की नजर

निकाय चुनाव के बाद अब निर्दलीय प्रत्याशी राजनीतिक दलों के लिए सबसे बड़ा गेम चेंजर बन सकते हैं। ख्र्ख्कऔर कांग्रेस दोनों के नेता निर्दलीय प्रत्याशियों के संपर्क में जुट गए हैं।

दरअसल, अगर किसी निकाय में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता है तो बोर्ड बनाने के लिए निर्दलीय पार्षदों का समर्थन जरूरी हो सकता है। ऐसे में चुनाव परिणाम आने से पहले ही दोनों दल संभावित निर्दलीय विजेताओं से संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं।

नेताओं की नजर उन निर्दलीय प्रत्याशियों पर खास तौर पर है, जिनकी अपने वार्ड में मजबूत पकड़ है और जिनके जीतने की संभावना बताई जा रही है। नतीजों के बाद राजनीतिक समीकरण बदलने की स्थिति में यही निर्दलीय प्रत्याशी बोर्ड बनाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

**14 सितंबर को आएंगे नतीजे, उसी दिन तय होगा किसका बोर्ड**

अब 14 सितंबर को होने वाली मतगणना के बाद तस्वीर साफ होगी। किस पार्टी को कितनी सीटें मिलती हैं, कौन बहुमत के करीब पहुंचता है और कहां निर्दलीयों की जरूरत पड़ती है, यह सब नतीजों के बाद सामने आएगा।

# जयपुर में बंपर वोटिंग ने बीजेपी-कांग्रेस की बढ़ाई धड़कन

## वोटिंग पैटर्न पर पार्टियों के अपने-अपने कयास; निर्दलीय बन सकते किंग मेकर

**जयपुर कासं।** जयपुर नगर निगम बनाने के 22 साल बाद पहली बार लोगों ने शहरी सरकार चुनने के लिए बंपर वोटिंग की। जयपुर नगर निगम का गठन साल 1994 में हुआ था, लेकिन इससे पहले कभी 60 प्रतिशत से ज्यादा मतदान नहीं हुआ था।

जयपुर में 150 वार्डों में शुक्रवार को पार्षद चुनने के लिए हुई पहली बार 62.74 फीसदी वोटिंग हुई है। वहीं इस बंपर वोटिंग ने दोनों पार्टियों की धड़कन बढ़ा दी हैं। अब सियासी चर्चाएं इस बात को लेकर हो रही हैं कि इस बंपर वोटिंग के मायने क्या हैं? दोनों ही पार्टियां इसे अपने-अपने तरीके से डिकोड करने में लगी हैं। बीजेपी इसे सुशासन और सरकार के कामकाज पर मुहर के तौर पर देख रही हैं। वहीं कांग्रेस बढ़े हुए मतदान प्रतिशत को सरकार की नाराजगी से जोड़ रही हैं।

वहीं राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जेन-जी आंदोलन, यूजीसी रोलबैक और बीजेपी-कांग्रेस के बागियों के चलते यह बढ़ा हुआ वोटिंग प्रतिशत दोनों पार्टियों के खिलाफ भी जा सकता है। इससे निगम में बोर्ड बनाने में निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका किंग मेकर के तौर पर भी हो सकती है।

**इतिहास बीजेपी के साथ, क्या कांग्रेस बदलेगी नैरेटिव**

जयपुर नगर निगम चुनाव में इस बार का वोटिंग पैटर्न भले ही चौंकाने वाला हो, लेकिन इतिहास बीजेपी को इस बार भी सपोर्ट कर रहा है। जयपुर नगर निगम की स्थापना के बाद से वोटिंग प्रतिशत घटता-बढ़ता रहा है, लेकिन बोर्ड हमेशा बीजेपी का ही बना है।

पिछली बार दो नगर निगम होने से कांग्रेस ने हैरिटेज में बोर्ड बनाया था। इसमें भी कांग्रेस को बहुमत नहीं मिल पाया था। इस बार भी आंकड़े बीजेपी के समर्थन में हैं।

# जयपुर में युवक ने गला काटकर किया सुसाइड, :5 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा; सीसीटीवी में चाकू से गला काटते दिखा


**जयपुर कासं।** जयपुर में युवक ने चाकू से अपना गला काटकर सुसाइड कर लिया। गला कटते ही युवक सड़क पर गिर पड़ा। 5 मिनट तक तड़पता रहा। घटना पास में एक मकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना मुहाना थाना क्षेत्र के SMS कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। SHO मुकेश खरड़िया ने बताया- कॉलोनी में छीतर नाम का युवक कबाड़ की दुकान पर आया था। कुछ देर दुकान के अंदर रहने के बाद वहां से चाकू उठाकर बाहर आ गया। बाहर निकलते ही छीतर ने चाकू से अपना गला काट लिया। गला कटते ही छीतर वहां खड़े एक टैंकर के पास गिर गया। करीब 5 मिनट तक रोड पर तड़पता रहा। होश आने पर एक बार फिर एक बार उठा। इसके बाद नीचे गिर गया।


# कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने अमित शाह से गुहार लगाई: अब तक 3 धमकी भरे लेटर मिल चुके, इनमें नाम, पता, गाड़ी नंबर तक का जिक्र



**नई दिल्ली एजेन्सी।** ऑल पीएम पैकेज एम्प्लॉइज फोरम, कश्मीर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से घाटी में कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों और उनके परिवारों को मिल रही धमकी के मामले में मदद की गुहार लगाई है। फोरम ने कहा कि पिछले 16 वर्षों के दौरान कश्मीर लौटकर अपनी जिंदगी फिर से बसाने वाले कर्मचारी हाल में धमकी भरे पत्रों और डराने-धमकाने की घटनाओं में बढ़ोतरी के बाद अपनी सुरक्षा को लेकर अधिक चिंतित हैं। फोरम के अनुसार, वर्ष 2021 के बाद हुई लक्षित हत्याओं ने लोगों में डर की भावना पैदा कर दी है और 1990 के दशक की यादें फिर से ताजा हो गई हैं। इससे संभावित नए विस्थापन की आशंका भी बढ़ गई है। फोरम ने दैनिक भास्कर से हुई बातचीत में कहा- ऊपरी तौर पर स्थिति सामान्य दिखाई दे सकती है, लेकिन जमीनी स्तर पर तनाव बना हुआ है। कर्मचारी संगठन ने कहा कि दी गई धमकियों में बस्तियों का भी जिक्र किया गया है। इससे परिवारों में चिंता पैदा हो गई है।

# ब्रिक्स में पुतिन का अमेरिका-यूरोप पर तंज: कमजोर देश खुद को जी7 क्यों कहते हैं; मोदी बोले- ब्रिक्स देशों में दुनिया की 40% जीडीपी






**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत ब्रिक्स लीडर्स ने शुक्रवार को ब्रिक्स बिजनेस फोरम में ग्लोबल ट्रेड पर बात की। इसमें सबसे अहम बयान पुतिन का रहा। उन्होंने अमेरिका और यूरोप पर तंज कसते हुए कहा, पश्चिम अब कमजोर हो रहा है, पता नहीं ये देश खुद को जी7 क्यों कहते हैं। दुनिया की 40% से ज्यादा GDP BRICS देशों से आई, ल्र7 की हिस्सेदारी सिर्फ 29% रही। इसके बाद पीएम मोदी ने भी बिजनेस फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ये दुनिया की 40% GDP में हिस्सा रखते हैं। भारत व्यापार बढ़ाना चाहता है और इसके लिए सुरक्षित समुद्री रास्ते जरूरी हैं।

**ब्रिक्स आर्थिक ताकत में आगे, जी7 सिस्टम पर हावी**

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के मुताबिक, PPP के आधार पर ब्रिक्स की हिस्सेदारी दुनिया की अर्थव्यवस्था में करीब 40% है, जबकि ल्र7 की 18%। यानी आर्थिक आकार में ब्रिक्स आगे है। हालांकि ल्र7 को कमजोर नहीं माना जा सकता। डॉलर, बैंकिंग, निवेश और तकनीक में उसका प्रभाव अब भी बड़ा है। दूसरी तरफ ब्रिक्स की ताकत बड़ी आबादी, प्राकृतिक संसाधन और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं।

**बिजनेस फोरम में 4 ब्रिक्स नेताओं के अहम बयान**

प्रधानमंत्री मोदी, भारत: संघर्षों का समाधान डायलॉग और डिप्लोमेसी से ही निकलेगा, भारत शांति के प्रयासों में मदद के लिए तैयार है। राष्ट्रपति पजशकियान, ईरान: ब्रिक्स देशों को आपसी कारोबार में स्थानीय मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन, रूस: ब्रिक्स की अर्थव्यवस्था का आकार लगातार बढ़ रहा है। पश्चिमी देशों का दबदबा अब पहले जैसा नहीं रहा। राष्ट्रपति रामाफोसा, साउथ अफ्रीका: दुनियाभर के देशों को अपना खनिज देता रहे लेकिन वे अफ्रीकी देशों में निवेश न करे, ऐसा नहीं चलेगा।

**पुतिन ने मोदी को रूस आने का न्योता दिया**

प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच भारत मंडपम में 45 मिनट बैठक हुई। इसके बाद दोनों नेता एक ही कार से इंडस्ट्रियल एग्जीबिशन पहुंचे। बैठक में भारत-रूस रिश्तों के साथ मिडिल ईस्ट और ब्लैक सी के हालात पर चर्चा हुई। पुतिन ने मोदी को 24वें भारत-रूस समिट के लिए रूस आने का न्योता दिया, जिसे क्क्रूने स्वीकार कर लिया।

## कार डिप्लोमेसी, मोदी-पुतिन फिर कार में बैठे: 12 दिनों में दूसरी बार; 2014 से मोदी 11 वर्ल्ड लीडर्स के साथ गाड़ी में बैठ चुके



**नई दिल्ली एजेन्सी।** दिल्ली में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद एक तस्वीर ने फिर ध्यान खींचा। दोनों नेता द्विपक्षीय बैठक के बाद कार में सवार होकर इनोप्रोम प्रदर्शनी तक साथ गए। ये कार पुतिन की बख्तरबंद ओरस सीनेट है। इससे पहले दोनों नेता ने 12 दिन पहले 31 अगस्त को किर्गिस्तान के बिश्केक में साथ यात्रा की थी। मोदी के पीएम बनने के बाद यह भी पहली बार नहीं है, जब वह किसी विदेशी नेता के साथ कार में बैठे हों। 2014 के बाद वह ओबामा, मैक्रों समेत कई विश्व नेताओं के साथ 11 बार कार राइड कर चुके हैं।

## ब्रिक्स में मेहमानों को गिफ्ट में गुडी बैग दिया



ब्रिक्स समिट में आए प्रतिनिधियों और मेहमानों को खास गुडी बैग गिफ्ट किया जा रहा है। इसमें बिहार का सत्तू और मखाना, केले के चिप्स, ओडिशा की कॉफी और गुजराती दुपट्टा है। इसका मकसद मेहमानों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराना है।

# अपने जिले की अनजानी बात बताएं बच्चे, जीतें 50 हजार और घूमे जोधपुर

## डिजिटल बाल मेला-2026 का नया अभियान शुरू, राजस्थान के 41 जिलों के बच्चे होंगे शामिल; दिसंबर में होगा तीन दिवसीय जोधपुर बाल महोत्सव

**बीकानेर।** अपने जिले की ऐसी अनजानी खासियत, इतिहास, पर्यटन स्थल, लोक परंपरा या गुमनाम नायक के बारे में बताने का बच्चों को बड़ा मौका मिल रहा है। डिजिटल बाल मेला-2026 के तहत दिसंबर में तीन दिवसीय जोधपुर बाल महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें राजस्थान के सभी 41 जिलों के बच्चे भाग ले सकेंगे। अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले को 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि प्रत्येक जिले से विजेता बच्चों को तीन दिन के जोधपुर भ्रमण का अवसर मिलेगा।




**वीडियो बनाकर बतानी होगी जिले की खासियत**-फ्यूचर सोसाइटी के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया कि पोस्टर विमोचन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि बच्चे अपने जिले की उन विशेषताओं को सामने लाएं, जिनके बारे में अभी कम लोग जानते हैं। डिजिटल बाल मेला की संस्थापक जान्हवी शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ना, नेतृत्व क्षमता विकसित करना और राजस्थान के विभिन्न जिलों की समृद्ध परंपराओं को समझने का अवसर देना है।

**हर जिले की दिखेगी झांकी**-बच्चों को वीडियो बनाकर बताना होगा कि उनका जिला क्यों खास है। वे स्थानीय इतिहास, पर्यटन स्थलों, लोक परंपराओं, नवाचारों, व्यंजन, हस्तशिल्प, लोक संगीत और गुमनाम नायकों की जानकारी रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके लिए डिजिटल बाल मेला की वेबसाइट या व्हाट्सऐप नंबर 8005915026 पर पंजीयन किया जा सकता है। जिलास्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे। स्कूलों और अभिभावकों से बच्चों को अपने जिले की विशेषताओं को जानने और साझा करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई है।

# रिश्वत मांगने पर पटवारी के खिलाफ एसीबी में मामला दर्ज

**बांसवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को तत्कालीन पटवार मंडल सेनावास के पटवारी अभिषेक व्यास के खिलाफ रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया है। एसीबी के पुलिस उप अधीक्षक रतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि कृषि भूमि के खाते में नाम शुद्धिकरण कर म्यूटेशन कराने की एवज में पटवारी अभिषेक व्यास उससे रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। एसीबी ने 4 अगस्त को शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपी की ओर से 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगने और राशि लेने पर सहमति जताने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी ने मुख्यालय के निर्देश पर आरोपी पटवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

# रामदेवरा पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए गजनेर पुलिस की पहल

## बैग पर लगाए 2 हजार रिफ्लेक्टर, रात में दूर से दिखेंगे पैदल यात्री

**बीकानेर।** गजनेर पुलिस ने रामदेवरा धाम जाने वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक पहल की है। थानाधिकारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पदयात्रियों के बैग (पीठू बैग/सामान) पर रिफ्लेक्टर स्टिकर लगाए। इसका मकसद रात के अंधेरे में पैदल यात्रियों को वाहन चालकों को दूर से ही दिखाना है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कम हो सके। पुलिस ने बताया कि अब तक करीब दो हजार रिफ्लेक्टर लगाए जा चुके हैं। ये रिफ्लेक्टर रात में चमकते हैं, जिससे सड़क पर चल रहे यात्री दूर से ही दिखाई दे जाते हैं। इससे वाहन चालकों को उनकी मौजूदगी का साफ पता चलता है। इस पहल के साथ ही, गजनेर थाने के सामने पदयात्रियों के लिए शीतल पेयजल और छाया की व्यवस्था भी की गई है। पुलिस टीम में एएसआई राकेश, हेड कांस्टेबल हबीब, कांस्टेबल कालूराम, जोगाराम और संदीप सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस ने यह भी बताया कि बीकानेर से गजनेर तक के हाईवे और गजनेर से चानी लिंक सड़क पर बड़ी संख्या में पदयात्री गुजर रहे हैं। ऐसे में रिफ्लेक्टर लगाने से रात के समय उनकी सुरक्षा और मजबूत होगी। पुलिस की टीम लगातार मार्ग पर



# डूंगर महाविद्यालय एवं महारानी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में युवा संवाद आयोजित

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर हुआ मंथन

**बीकानेर।** विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय एवं प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा युवा प्रतिभाओं को अपनी सोच, नेतृत्व क्षमता, नवाचार एवं रचनात्मक विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बीकानेर में विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं विद्यालय के विद्यार्थियों एवं युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रशांत जोशी एवं सह-समन्वयक गोपाल जोशी ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव-विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत देशभर में युवाओं को जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। समन्वय प्रशांत जोशी ने पांच चरणों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताते हुए पूरी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल शब्दों में बताया। इसी



क्रम में बीकानेर के युवाओं को इस अभियान से जोड़ने तथा उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने के उद्देश्य से युवा संवाद आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता एवं नवीन विचारों को सामने रखने के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध करवाना है। अभियान के विभिन्न चरणों में क्विज, निबंध, प्रस्तुतीकरण एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ., राजेन्द्र पुरोहित ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। इस तरह के रचनात्मक कार्य युवाओं को अपने मातृ भूमि व नवाचारों से जोड़ते हैं साथ ही कृषि, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को नई गति मिल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा, सकारात्मक सोच, नवाचार एवं नेतृत्व क्षमता का उपयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को माई भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करने तथा आगामी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

युवा संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने विकसित भारत के लक्ष्य, युवाओं की भूमिका, नवाचार, शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। महारानी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा ने बालिका शिक्षा पर अपनी बात रखते हुए कहा कि बच्चिया देश का भविष्य है इस तरह के आयोजनों से उन्हें एक उम्दा मंच मिलेगा साथ ही में रचनात्मकता की वृद्धि होगी उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण के लिए आह्वान किया कार्यक्रम में महाविद्यालय विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर टीम सदस्य पवन खत्री, हरिहर राजपुरोहित, रामकिशन गोदारा एवं अमरदीप गोदारा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता, नवाचार एवं सकारात्मक सोच को विकसित करते हुए उन्हें 2047 तक विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने तथा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहभागी बनने का संदेश दिया गया।

# रामदेवरा मेले के लिए लालगढ़ से चलेंगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन

## 19 से 22 सितंबर तक रोजाना होगा संचालन

## कोलायत और फलौदी में ठहराव

## सुबह और दोपहर के समय मिलेगी अतिरिक्त रेल सुविधा

**बीकानेर।** रामदेवरा मेले में बढ़ने वाली यात्री संख्या को देखते हुए रेलवे ने लालगढ़ से रामदेवरा के बीच दो जोड़ी मेला स्पेशल रेलसेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। दोनों जोड़ी ट्रेनों का संचालन 19 से 22 सितंबर तक प्रतिदिन किया जाएगा। इससे मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को नियमित ट्रेनों के अलावा अतिरिक्त रेल सुविधा मिल सकेगी।



उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, दोनों मेला स्पेशल में आठ साधारण श्रेणी के डिब्बे और दो गार्ड डिब्बों सहित कुल 10 डिब्बे होंगे। दोनों रेलसेवाएं कोलायत और फलौदी स्टेशनों पर ठहरेंगी।

सुबह की ट्रेन 4 बजे रवाना होगी-गाड़ी संख्या 04751 लालगढ़-रामदेवरा मेला स्पेशल सुबह 4 बजे लालगढ़ से रवाना होकर 7=30 बजे रामदेवरा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04752 सुबह 9 बजे रामदेवरा से रवाना होकर दोपहर 12 बजे लालगढ़ पहुंचेगी। इस जोड़ी के चार-चार फेरे होंगे।

दोपहर में दूसरी स्पेशल-गाड़ी संख्या 04753 लालगढ़ से दोपहर 1 बजे रवाना होकर शाम 4=30 बजे रामदेवरा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04754 शाम 5 बजे रामदेवरा से रवाना होकर रात 8=15 बजे लालगढ़ पहुंचेगी। इस जोड़ी के भी चार-चार फेरे होंगे। रामदेवरा मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए इन ट्रेनों से विशेषकर सुबह और दोपहर के समय यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

# नई किरण नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प

**बीकानेर।** राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीकानेर में 'नई किरण नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को नशामुक्ति एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. भगवान राम बिश्नोई ने की। उन्होंने कहा कि नशा आज एक गंभीर सामाजिक चुनौती है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। विशेषकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन अपनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. हरमीत सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न प्रकारों, उनके दुष्प्रभावों तथा नशामुक्ति के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत कोई अपराध नहीं, बल्कि एक बीमारी है, जिसका उपचार एवं पुनर्वास संभव है। उन्होंने कहा कि अनेक अपराधों के पीछे नशे की भूमिका होती है तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। डॉ. सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे लगभग एक हजार लोगों को नशे से मुक्त कराने एवं उनके पुनर्वास में सहायता कर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रितु चौधरी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. कुमुद जैन ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

# वेटरनरी कॉलेजों में इसी सप्ताह से दाखिले, एडमिशन बोर्ड गठित

## प्रदेश के 14 कॉलेजों की 1240 सीटों के लिए तीन चरणों में होगी केंद्रीकृत काउंसलिंग; इस बार आरपीवीटी की जगह नीट यूजी स्कोर से प्रवेश

**बीकानेर।** प्रदेश के वेटरनरी कॉलेजों में बीवीएससी एंड एएच पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया इसी सप्ताह शुरू होने की संभावना है। राज्य सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रवेश बोर्ड की काउंसलिंग कमेटी गठित कर दी है। कमेटी की ओर से काउंसलिंग का विस्तृत कार्यक्रम एक-दो दिन में जारी किया जाएगा। इस बार प्रवेश प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। प्रदेश के वेटरनरी कॉलेजों में अब राजस्थान प्री-वेटरनरी टेस्ट (आरपीवीटी) के बजाय नीट यूजी के अंक के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। 14 वेटरनरी कॉलेजों की कुल 1240 सीटों के लिए राज्य स्तर पर केंद्रीकृत काउंसलिंग होगी। यह प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी।



### तीन सरकारी और 11 निजी कॉलेज

एडमिशन बोर्ड की कमेटी में डॉ. राजेश कुमार धुड़िया को अध्यक्ष और डॉ. प्रवीण बिश्नोई को सदस्य सचिव बनाया गया है। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने बताया कि नीट यूजी के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। प्रदेश के 14 कॉलेजों में तीन सरकारी और 11 निजी वेटरनरी कॉलेज शामिल हैं।

कुल 1240 सीटों में करीब 300 सीटें सरकारी कॉलेजों की हैं। सरकारी कॉलेजों की 85 प्रतिशत सीटों पर राज्य स्तरीय केंद्रीकृत काउंसलिंग और 15 प्रतिशत सीटों पर भारतीय पशु चिकित्सा परिषद की अखिल भारतीय काउंसलिंग से प्रवेश होगा। निजी कॉलेजों की सीटों के लिए भी राज्य स्तर पर केंद्रीकृत काउंसलिंग होगी।

### अखिल भारतीय कोटे की काउंसलिंग पहले से जारी

वेटरनरी पाठ्यक्रम की 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटे की सीटों के लिए देशभर के पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में काउंसलिंग पिछले महीने शुरू हो चुकी है। अब राजस्थान में राज्य कोटे की सीटों के लिए केंद्रीकृत काउंसलिंग शुरू होगी।

# बीकानेर में 'प्रेरणा' कार्यक्रम 13 को, बच्चों और दिव्यांगजन पर रहेगा केंद्रित

**बीकानेर।** अधिवक्ता संजय रंगा लाइफ फाउंडेशन की ओर से स्व. संजय रंगा की स्मृति में %प्रेरणा% कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष एडवोकेट पारूल रंगा ने बताया कि पहल का लक्ष्य समावेशन, सहयोग, सम्मान और सशक्तिकरण के जरिए बच्चों और दिव्यांगजनों के लिए अवसर बढ़ाना तथा उनके बेहतर भविष्य को लेकर जागरूकता मजबूत करना है। सचिव एडवोकेट राकेश रंगा ने बताया कि समारोह और विशेषज्ञ वार्ता धरणीधर ऑडिटोरियम में 13 सितंबर को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगी। कार्यक्रम में डॉ. श्याम अग्रवाल, डॉ. पराज सिंघवी, डॉ. अमित पुरोहित और डॉ. हिमांशु भाटिया विशेषज्ञ के रूप में अपने अनुभव साझा करेंगे।

## खेत में किसान पर भालू ने किया हमला, गंभीर घायल

**आबूरोड (सिरोही).** इसरा गांव में शुक्रवार को खेत पर मोटर चालू करने गए किसान साहिबाराम पर भालू ने हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन व ग्रामीणों की मदद से उसे आबूरोड के तलहटी स्थित ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। सूचना पर विधायक समाराम गरासिया अस्पताल पहुंचे और घायल की कुशलक्षेम जानी।

# रामदेवरा जा रहे पांच जातरुओं को कैंपर ने कुचला, तीन की मौत

## मुआवजे की मांग पर लोगों ने मोर्चरी के बाहर दिया धरना

शेरगढ़ (जोधपुर). रामदेवरा दर्शन के लिए पैदल जा रहे पांच जातरुओं को गुरुवार देर रात भूंगरा गांव में मेगा हाईवे पर पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो कैंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि आगे चल रहे दो साथी बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तीनों घायलों को शेरगढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान नथासर (तेना) निवासी अम्बाराम पुत्र कुंभाराम, भानाराम पुत्र अनोपाराम और नरेश पुत्र चंद्राराम के रूप में हुई। हादसे में नरपत राम और उदाराम सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार पांचों युवक गुरुवार रात करीब 10 बजे घर से रामदेवरा दर्शन के लिए पैदल रवाना हुए थे। करीब 11.30 बजे भूंगरा गांव में मेगा हाईवे पर सड़क किनारे पैदल चलते समय पीछे से तेज गति से आई बोलेरो कैंपर ने उन्हें चपेट में ले लिया।

**तीन परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़**-अम्बाराम और भानाराम शादीशुदा थे, जबकि नरेश अविवाहित था और अम्बाराम का भतीजा था। तीनों की मौत से परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हादसे के बाद मृतकों के परिजन और समाजजनों ने सहायक उपखंड अधिकारी, शेरगढ़ को ज्ञापन सौंपकर प्रत्येक परिवार को 50-50 लाख रुपए आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने की मांग की। मांगों को लेकर परिजन और समाजजन मोर्चरी के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए।

# गांधी जयंती पर पत्रकारों, मीडिया एवं डिजिटल क्रिएटर्स का होगा सम्मान

## बीकानेर पुलिस के सर्किल ऑफिसर भी होंगे सम्मानित

**बीकानेर।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से 2 अक्टूबर 2026 को पत्रकार एवं मीडिया सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में पत्रकारिता एवं मीडिया के माध्यम से समाज, खेल, युवा, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही बीकानेर पुलिस के सर्किल ऑफिसर को भी उनके उल्लेखनीय कार्य एवं सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में समाचार पत्र, टीवी चैनल, डिजिटल मीडिया, स्पोर्ट्स मीडिया, फोटो जर्नलिस्ट, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, ब्लॉगर्स एवं कंटेंट क्रिएटर्स को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के साथ फन गतिविधियां तथा मीडिया संवाद भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित मीडिया प्रतिनिधियों एवं दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन की टीम के सदस्यों और बीकानेर पुलिस के सर्किल ऑफिसर के साथ ग्रुप फोटो भी लिया जाएगा।

### प्रत्येक मीडिया संस्थान से एक प्रतिनिधि का सम्मान

कार्यक्रम में प्रत्येक समाचार पत्र, चैनल अथवा मीडिया संस्थान से केवल एक प्रतिनिधि का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित प्रतिनिधि का चयन संबंधित समाचार पत्र, चैनल या मीडिया संस्थान के अधिकृत अधिकारी, प्रबंधन अथवा चयन समिति द्वारा किया जाएगा। संबंधित संस्थान द्वारा अधिकृत रूप से नामित प्रतिनिधि को ही दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से सम्मान प्रदान किया जाएगा।

**संस्थानों से नाम लेकर भेजा जाएगा व्यक्तिगत आमंत्रण**-सम्मान समारोह के लिए विभिन्न समाचार पत्रों, टीवी चैनलों, डिजिटल मीडिया संस्थानों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, ब्लॉगर्स एवं कंटेंट क्रिएटर्स की सूची तैयार की जाएगी। संबंधित संस्थानों से संपर्क कर सम्मानित किए जाने वाले प्रतिनिधि का नाम अधिकृत रूप से प्राप्त किया जाएगा। चयनित प्रतिनिधियों को कॉल के माध्यम से व्यक्तिगत आमंत्रण कार्ड/संदेश भेजा जाएगा। सम्मानित होने वाले प्रतिनिधियों के नाम संबंधित संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाए गए अधिकृत नाम के आधार पर ही अंतिम किए जाएंगे।

### 20 दिसंबर के कार्यक्रम का होगा शुभारंभ

समारोह के दौरान 20 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाले दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रम "Mission Play to Profession – खेल से कैरियर तक का आधिकारिक शुभारंभ भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं एवं खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न कैरियर अवसरों एवं संभावनाओं से परिचित कराना है।

### निःशुल्क प्रवेश, पंजीकरण अनिवार्य

कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, लेकिन पूर्व पंजीकरण अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक आमंत्रित मीडिया प्रतिनिधि के साथ एक व्यक्ति को आने की अनुमति होगी, जिसकी जानकारी पंजीकरण के समय उपलब्ध करवानी होगी। इच्छुक पत्रकार, मीडिया प्रतिनिधि, इन्फ्लुएंसर्स, ब्लॉगर्स एवं कंटेंट क्रिएटर्स अपने नाम, संस्थान/चैनल का नाम, पद, मोबाइल नंबर, ई-मेल तथा साथ आने वाले व्यक्ति की जानकारी नंबर 9602997890 पर भेजकर अथवा दिशोदय स्पोर्ट्स फाउंडेशन की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम का स्थल एवं विस्तृत समय की जानकारी शीघ्र जारी की जाएगी।

# ढोल-घूमर और बैलगाड़ी से हुआ लोकमंथन यात्रा का स्वागत

**बीकानेर।** लोकमंथन दर्शन यात्रा राजस्थान गुरुवार को आदर्श गांव गोविंदसर पहुंची। ग्रामीणों ने ढोल, घूमर, तिलक, साफा और फूलों की मालाओं से यात्रा का पारंपरिक स्वागत किया। करणी माता मंदिर में दर्शन के बाद यात्रा को बैलगाड़ी और ऊंटगाड़ी से गांव का भ्रमण कराया गया।



**महिलाओं ने दिखाई आत्मनिर्भरता की मिसाल**-महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, वहीं बालिकाओं ने घूमर की प्रस्तुति देकर राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं ने बड़ी-पापड़ बनाने, चक्की चलाने और चरखे का प्रदर्शन किया। पुरुषों ने खींप की डोरियां, जेवड़ी और बटियां बनाने की पारंपरिक कला दिखाई। ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीण खेल चुठिया-दड़ी का आयोजन हुआ। बालिकाओं ने राजस्थानी परंपराओं पर आधारित नाटक, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

**बुजुर्गों का अनुभव सहेजने का आह्वान**-लोकदर्शन परिक्रमा यात्रा के संयोजक डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने कहा कि लोकमंथन का उद्देश्य गांवों की पुरानी परंपराओं, लोकज्ञान और संस्कृति को सामने लाना है। उन्होंने ग्रामीणों से बुजुर्गों के अनुभव और पुरानी कहानियां मोबाइल में रिकॉर्ड करने की अपील की। छात्रों से गांव का इतिहास और लोकगीत लिखने तथा पुराने तालाबों, बावड़ियों और लोकदेवता स्थलों को संरक्षित करने का आह्वान किया।